GURUKUL INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL
MODERNITY WITH TRADITION
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI

प्रथम परीक्षा (अप्रैल, 2023)

समय :-60 मिनट | कक्षा- छह | पूर्णांक:-40

विषय-हिंदी

सामान्य निर्देश:-

1. प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़ें तथा उत्तर सुंदर लेख में लिखेंl
2. प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें l
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैंl

GISSS PT1 2023

भाग-क अपठित गद्यांश (1x5=5 अंक)

प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर दें ।

रंग -बिरंगे फूल किसका मन नहीं मोह लेते अर्थात् फूल सभी को प्रिय होते हैं ।जब कभी हम फूलों से भरे बगीचे के समीप से गुजर रहे होते हैं तो फूलों की सुगंध हमें बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं ।फूलों को हम अन्य नामों से भी पुकारते हैं – पुष्प,सुमन, कुसुम एवं प्रसून आदि ।इसी प्रकार फूल कई तरह के होते हैं जैसे- गुलाब, बेला,चमेली गेंदा आदि ।फूल हमारे जीवन में अपना विशेष स्थान रखते हैं -जन्मोत्सव हो अथवा विवाह, पूजा का अवसर हो या किसी के स्वागत की तैयारी, किसी त्योहार पर रंगोली बनानी हो या भगवान के लिए माला अथवा गहने हमें फूलों की आवश्यकता होती हैं ।क्या आप जानते हैं क़ि हम लोग जिस सुगन्धित इत्र का प्रयोग करते हैं वह भी फूलों से बनता है ।गुलाब के फूलों का गुलकंद बनता है जो हमारे शरीर को ठंडक देता है ।गुलाब के रस से गुलाब जल बनता है जो आँखों के लिए बड़ा लाभकारी है I

i) फूलों के कोई अन्य दो नाम लिखिए ।

ii) फूलों को हम किस-किस उपयोग में लाते हैं?

iii) गुलाब के फूल से क्या-क्या बनता है?

iv) जो फूल आपको पसंद हो उसका नाम लिखिए ।

v) हमें बरबस अपनी ओर कौन आकर्षित कर लेता है ?

भाग- ख व्याकरण **(1x8=8)**

प्रश्न-2 निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाएँ ।

i) दौड़ना ii) खेलना

प्रश्न-3 'फूला ना समाना 'मुहावरे का अर्थ लिखें ।

प्रश्न-4 'मोहित ' तथा 'भ्रमित ' शब्दों में से मूल शब्द अलग करें ।

प्रश्न -5 विलोम शब्द लिखें ।

i) विनय ii) संभव

प्रश्न -6 नौकर तथा वृद्ध शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखें ।

प्रश्न -7 निम्नलिखित शब्द का संधि- विच्छेद करें ।परोपकार

प्रश्न-8 निम्नलिखित वाक्यों में उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

GISSS PT1 2023

(को, की , के , का)

i) सुख —एक बार बंद होने पर तुरंत दूसरा खुल जाता है ।

ii) अपने कार्य—- महत्व को समझते थे ।

प्रश्न-9 निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करें ।

i) रग **ii)** पतग

भाग- ग पाठ्य-पुस्तक (12अंक)

प्रश्न-10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (2x3=6)

i)कवि ने बादलों की क्या विशेषता बताई है ?

ii)पंडित अलोपीदीन कौन थे ?

iii)बाली को क्या वरदान प्राप्त था ?

प्रश्न-11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए । (3x2=6)

i)दुविधा का क्या दुष्परिणाम निकलता है ?

ii)आपके विचार से पंडित अलोपीदीन ने वंशीधर को अपनी जायदाद का स्थाई मैनेजर क्यों रखा होगा ?

भाग- घ (लेखन) (5x3=15)

प्रश्न-12 अपनी प्रधानाचार्या को बस सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

या

GISSS PT1 2023

अपने मित्र को गृह प्रवेश समारोह में आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न-13 अपनी यात्रा के बारे में अपनी सखी/मित्र को ई-मेल करें ।

या

पाठ्यक्रम विवरण के संबंध में सूचना माँगने पर कक्षा अध्यापिका को ई-मेल लिखें ।

प्रश्न-14 निम्नलिखित में से संकेत बिंदुओं पर आधारित कोई एक अनुच्छेद लिखें ।

मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन

संकेत बिंदु :- जीवन का अच्छा दिन, भाई से मिलने की खुशी

या

मेरा प्रिय खिलाड़ी

संकेत बिंदु :- जीवन में खेलों का महत्व

प्रिय खिलाड़ी,उनकी विशेषता का वर्णन।

GISSS PT1 2023